RAF SECTOR

NEWS CLIP

29/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala (Meerut,UP)

घंटाघर पर आरएएफ के लिए बनेगा आराम गृह

मेरठ। रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के लिए घंटाघर पर आराम गृह बनाया जाएगा। पुलिस अफसरों के निर्देश पर नगर निगम से इसके लिए बजट पास हो गया है। घंटाघर पर एसपी सिटी ऑफिस से सटे टीनशेड को भी नव भवन के लिए उतार दिया गया है। बताया जा रहा है कि दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक यह आराम गृह बनकर तैयार हो जाएगा।

एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरएएफ के अलावा पीएसी मुख्य त्यौहार, चुनाव और अन्य बड़े कार्यक्रम को लेकर शहर में लगाई जाती है। घंटाघर पर कई कई दिन तक पैरामिलेट्री या पीएसी को ड्यूटी करनी पड़ती है। ऐसे में घंटाघर पर फोर्स के बैठने और आराम करने के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस चौकी के पास सड़क से सटी खाली जगह पर लंबे समय से टीनशेड पड़ा था। एसपी सिटी का कहना है कि एसएसपी अखिलेश कुमार और एडीजी जोन प्रशांत कुमार को आराम गृह के लिए प्लान भेजा था। नगर निगम से घंटाघर पर आराम गृह के लिए सात लाख रुपये का बजट पास हो चुका है। भवन के निर्माण के लिए टेंडर दे दिया गया है। ठेकेदार ने टीनशेड हटाकर काम भी शुरू कर दिया है। एसपी सिटी ने बताया कि देहलीगेट थाने की केसरगंज पुलिस चौकी की हालत भी जर्जर है। पुलिस चौकी के भवन के निर्माण के लिए भी काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए भी नगर निगम से 18 लाख रुपये का बजट मिला है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।